**Demand to increase the sale of Sugarcane**

श्री मलूक नागर (बिजनौर) : सर, गन्ने के किसान बहुत परेशान हैं। मेरे क्षेत्र और आपके क्षेत्र, पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और देश में गन्ने के बहुत किसान हैं। अगर हम पिछले सात साल में देखें तो एक बार दस रुपये का रेट बढ़ा है और दूसरी बार 25 रुपये रेट बढ़ा है, जबकि सात साल की सरकार की बढ़ी हुई महंगाई मानें तो कभी 8 पॉइंट कुछ परसेंट, कभी 7 पॉइंट कुछ परसेंट, कभी 9 परसेंट तो इस हिसाब से 60 परसेंट बैठती है, जो करीब 300 रुपये है। मैं गन्ने का रेट कम से कम 550 रुपये बढ़ाने की मांग करता हूं।